## खबर संक्षेप

### कारागार में बाहर से फेंका फोन, मामला दर्ज

**जींद।** जिला कारागार के अंदर किसी व्यक्ति ने बाहर से फोन फेंक दिया। यह फोन जेल वार्डन को मिल गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में जिला कारागार के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 14 दिसंबर रात को किसी व्यक्ति ने एक पैकेट में सैमसंग का फोन जेल के अंदर फेंक दिया। इस फोन को रेलवे लाइन की तरफ से फेंका गया था। जब सुबह जिला कारागार में तलाशी अभियान चलाया गया तो यह फोन सुरक्षा कर्मचारियों को मिला। फोन किसी मुजरिम के लिए फेंका गया था।

### बुजुर्ग को बातों में उलझा अंगूठी व नकदी ठगी

**बहादुरगढ़।** शहर में दिल्ली-रोहतक रोड पर एक बुजुर्ग के साथ ठगी की वारदात हो गई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है। वारदात सोमवार सुबह हुई थी। सांखोल के निवासी नरेश चंद्र का कहना है कि वह अपनी पोती को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौट रहे थे। जब रोहतक रोड पर आशियाना के नजदीक पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनको बातों में उलाझा लिया। उनसे 1500 रुपये व सोने की अंगूठी ठग ली। वहीं, पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### नशे में धुत ट्रक चालक ने कई वाहनों को कुचला

**डबवाली।** एक ट्रक चालक ने सोमवार देर शाम अपने ट्रक की बेकाबू रफ्तार से कई वाहनों को टक्कर मारी। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। चालक ने सबसे पहले एकता नगरी गली नंबर-6 के बाहर तेज रफ्तार से ट्रक चलाते हुए ट्रांसफार्मर के पोल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद ट्रक चालक ने कॉलोनी रोड पर आगे बढ़ते हुए कई वाहनों को कुचल दिया। इस दौरान कार, बाइक और स्कूटी को नुकसान पहुंचा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस पूरी घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को काबू में लेकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान अवतार सिंह निवासी गांव खयोवाली, जिला श्री मुक्तसर साहिब (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## इंस्टाग्राम हनी ट्रैप गिरोह का नारनौल पुलिस ने किया पर्दाफाश, फरीदाबाद से पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

# इंस्टाग्राम पर लड़की बनकर युवकों को फंसाते थे शातिर मजबूरियां गिनवाकर ठगते थे लाखों रुपये, तीन गिरफ्तार

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक शातिर ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच व तत्परता दिखाते हुए सोमवार रात को फरीदाबाद से तीन आरोपित विपिन, कौशल व अजीम खान को गिरफ्तार किया है, जो इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर हनी ट्रैप के जरिए लोगों को अपना शिकार बनाते थे। यह गिरोह इंस्टाग्राम पर लड़की की फोटो लगाकर व झूठी मजबूरी की कहानियां सुनाकर लोगों की कमाई ठग रहा था। आरोपितों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि गांव मंडलाना निवासी युवक ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि इंस्टाग्राम पर एक लड़की से उसकी दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान सामने वाले ने खुद को कॉलेज की छात्रा बताया।

> एक आरोपी लड़की की फोटो लगा लड़कों को फंसाता था, दूसरा फर्जी पिता बनता तो तीसरे के खाते में आते थे पैसे



### ठग ने फर्जी पिता बनाकर बात करवाई

ठग ने लड़की बनकर ट्रिप फीस कम पड़ने तथा पिता का फोन न उठने का बहाना बनाकर पैसों की मांग की। इसके बाद बीमारी और इलाज के नाम पर भी पैसे मांगे गए। इस तरह आरोपितों ने शिकायतकर्ता से कुल 62490 रुपये ठग लिए। उसे पहले जरा सा भी आभास नहीं हुआ कि सामने वाला लड़की की नकली फोटो लगाकर उसे ठग रहा है। असल में वह एक लड़का है। गिरफ्तार आरोपित विपिन इंस्टाग्राम पर लड़की की फोटो लगाकर लड़की बनकर लड़कों से चैट करता था। पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए उसका साथी कौशल लड़की का पिता बनकर फोन पर बात करता था और मजबूरी का नाटक रचता था। ठगी की रकम को ये लोग अपने तीसरे साथी अजीम खान के बैंक खाते में ट्रांसफर करवाते थे। पीड़ित की शिकायत पर जांच कर पुलिस ने इनको पकड़ा है। पूछताछ में पता लगा है कि पहले भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं और दो अन्य शिकायतों में भी ये संलिप्त हैं।

### पुलिस ने आमजन को किया सचेत

इस घटना के माध्यम से पुलिस ने आमजन को सचेत किया है कि सोशल मीडिया पर कभी भी अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट, विशेषकर आकर्षक प्रोफाइल फोटो देखकर बिना जांचे स्वीकार न करें। ठग अक्सर भावनात्मक कहानियां जैसे अस्पताल में भर्ती होना या फीस भरना सुनाकर पैसे मांगते हैं। ऐसे किसी के झांसे में न आएं। यदि कोई सोशल मीडिया मित्र आपसे पैसे मांगता है तो पैसे भेजने से पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करें। यदि किसी के साथ ऐसी ठगी होती है तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

## चाचा की हत्या करने वाले भतीजे को उम्रकैद की सजा

**जींद।** जिला एवं सत्र न्यायाधशी पूनम सुनेजा की अदालत ने घरेलू विवाद में अपने चाचा की हत्या करने के दोषी भतीजे को उम्रकैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव दुड़ाना हाल आबादी जींद की राम कॉलोनी निवासी पालाराम ने 16 जनवरी 2023 को अलेवा थाना पुलिस को शिकायत दी थी। अपनी शिकायत में पालाराम ने कहा कि वह जींद रहता है। उसका भाई साहब सिंह गांव में अपनी मां के साथ रहता था। उसका एक भाई राज कैथल में रहता है। राज का बेटा अजय गांव में आया हुआ था।

16 जनवरी शाम को खाना खाते समय अजय का झगड़ा साहब सिंह से हो गया। उसके भतीजे अजय ने अपने चाचा साहब सिंह के सिर में डांडा मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने पालाराम की शिकायत पर अजय के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधशी पूनम सुनेजा की अदालत ने अजय को दोषी करार देते हुए उम्र कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## सिरसा के गांव नागोकी में नशे की बड़ी खेप पकड़ी

# नशा बेच रहा ज्वेलर पकड़ा, 44 हजार गोलियां व कैप्सूल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने सिरसा जिले के गांव नागोकी में ज्वेलर्स का काम करने वाले एक व्यक्ति के मकान में छापा मारकर लाखों रुपये की नशीली गोलियां व कैप्सूलों का जखीरा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहन लाल पुत्र मुखल राज निवासी गांव नागोकी, जिला सिरसा के रूप में हुई है।

एसपी ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली की गांव नागोकी में मोहन लाल ज्वेलर्स की दुकान करता है और दुकान की आड़ में नशीली दवाइयां बेचने का धंधा करता है। पुलिस टीम ने ड्रग्स कंट्रोलर विभाग के अधिकारी से संपर्क कर गांव नागोकी में ज्वेलर्स के घर पर दबिश देकर आरोपी मोहन लाल को काबू कर उसके घर की तलाशी ली तो घर से 22,760 नशीली गोलियां व 21,600 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया कि उक्त नशीली गोलियों, कैप्सूलों व आरोपी मोहन लाल को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई के लिए ड्रग कंट्रोलर विभाग के ऑफिसर सुनील कुमार व केशव वशिष्ठ के हवाले किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया है कि सिरसा पुलिस ने जब से हेरोइन, अफीम, चूरापोस्त इत्यादि नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसा है तब से नशा तस्करों ने मेडिकल नशे का कारोबार करने का रास्ता अपनाया है।



सिरसा। पकड़ी गई नशीली गोलियों की खेप के साथ आरोपी

### मेडिकल स्टोर संचालकों पर नजर

एसपी ने कहा है कि सिरसा पुलिस द्वारा जहां नशा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है वहीं पर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने थाना क्षेत्रों में स्थित मेडिकल स्टोर पर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से पैनी नजर रखें तथा नशीली व प्रतिबंधित दवाइयां बेचने में अगर किसी भी मेडिकल स्टोर संचालक की संलिप्ता पाई जाती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने मेडिकल संचालकों को भी हिदायत दी है कि सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करें तथा किसी भी सूरत में नशीली दवाइयां न बेचें।

## 6 से होगी सीनियर सेकेंडरी की विशेष अंक सुधार परीक्षा

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) विशेष अंक सुधार परीक्षा जनवरी-2026 की परीक्षाएं 6 जनवरी से करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा का तिथि-पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव मुनीश शर्मा ने यहां संयुक्त रूप से बताया कि सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) विशेष अंक सुधार परीक्षा का आयोजन 6 जनवरी से 14 जनवरी, 2026 तक करवाया जाएगा। परीक्षाओं का समय दोपहर 12:00 बजे से सायं 3 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए लगभग 2580 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। यह परीक्षा प्रदेशभर में छह परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित करवाई जाएगी। जिसमें 2 परीक्षा केन्द्र बोर्ड मुख्यालय तथा 4 परीक्षा केन्द्र कमीश्नरी स्तर पर स्थापित किए गए हैं।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF **Ms. Suman**
Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
RATI RAM ETC. VS. OM PARKASH ETC.
CS-421-2022
CNR No. HRJRA0-000893-2022
Next Date:- 19-01-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
Jagdish Chander S/o Risal, Ramesh Chander S/o Risal, Smt. Roshni, Smt.Prem, Smt. Lali, Smt Rajbala, Smt. Bala, Ds/o Risal S/o Changdi Rs/o Village Majri Tehsil Badli distt. Jhajjar, Jagdish Chander, Ramesh Chander Ss/o Risal singh, Sumer S/o Subhash Chander Rs/o Village Majri, Tehsil Badli, Jhajjar, Jagat S/o Rajkumar R/o Village Majri, Tehsil Badli, District Jhajjar, Jagat Singh S/o Rajkumar S/o Chandgi, Khajani Devi D/o Chandgi R/o Village Majri, Badli, Jhajjar, Ashok Singh S/o Raghbir Singh, Sheela Devi, Nirmal Devi, Asha Rani, Krishan Ds/o Raghbir Singh S/o Chandgi, dalbirt Singh, Mahabir Singh, Sukhbir singh Ss/o Laxmi Devi D/o Chandgi, Santra Wd/io Dalel Singh S/o Nafe Singh, Rajbir, Barham Parkash Ss/o Dharampal S/o Gangamal, Inderjeet S/o Moola S/o Gangamal, Ram Kishan S/o Hoshiar Singh S/o Nand Lal, Avtar Singh S/o Rajender Singh, Dharambir, Sukhbir, Rajbir, Bijender ss/o Sultan Singh, Naresh, Ramesh Ss/o Balbir Singh Rs/o Majri, Badli, Jhajjar, Kaptan Singh s/o Girdhari S/o Keso, Manjeet S/o Sudesh S/o Satte R/o Majri, Badli, Jhajjar, Ghoghdi Wd/o Nahna, Pushpa D/o Balbir S/o Netram, Roshni D/o Harkishan S/o Chandu Ram, Satyawanti D/o Harkishan S/o Chandu Ram, Sandeep S/o Rajkumar S/o Giani Ram, Nitish S/o Kartar, Ravi S/o Kartar S/o Giani Ram, Vinod S/o Jagmal S/o Giani Ram Rs/o Majri Badli, Jhajjar, Savitri, Dhanpati, Bhateri, Santosh, Bedo Ds/o Dhara Singh S/o Neki, Subhash S/o Ranjeet, Manoj S/o Jokar S/o Daya Kishan, Naseeb Kaur D/o Udey Kaur @ Ompati, Dhanpati Ds/o Ranjeet S/o Amilal, Birmati D/o Chhotu S/o Amilal, Satte S/o Ramchnader, Naresh, Devender Ss/o Wazir S/o RamChander Rs/o Village Majri, Badli, Jhajjar, Chandro, Sarjo, Murti, Laxmi, Prem Ds/o Ram Chander S/o Mukh Ram, Bhagwati D/o Wazir, Saroj D/o Wazir, Bhagwani Wd/o Dayanand S/o Mukh Ram, Gulab Singh, Rishipal, Shishpal Ss/o Daya Nand S/o Mukh Ram, Sunita D/o Dayanand, Khajani Wd/o Chandu Singh, BalwantiWd/o jaikaran, Babita, Kiran, Manjeed Ds/o Jai Karan S/o Chandu, Dharampal S/o Chandu Singh, Ramrati Wd/o Rajpal S/o Chandu Singh S/o Mukh Ram, Sushila, Ishwanti Ds/o Chandu Singh S/o Mukh Ram, jai singh S/o Meer Singh S/o Mukh Ram, Shyam Wd/o Rampal S/o Charan singh, jaibir S/o Gopi S/o Phoolu, Rekha, Jyoti Ds/o Dharam Singh S/o Ram Chander, Pardeep, Khemchand, Purshottam, Prem, Shiv Kumar Ss/o Braham Dutt S/o Ganga Dutt, Tej Ram, Devi Dutt, Tarachand Ss/o sNand Kishore S/o Ganga Dutt Rs/o Kutabgarh, Delhi, Satish Kumar S/o Kabul Singh, Neelam D/o Kabul Singh, Sanam @ Suman D/o Kabul Singh
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **19.01.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge Junior Division,Bahadurgarh
Dated, this day of 16.12.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Ravleen Kaur**
Civil Judge (Senior Division),Rohtak
Canara Bank through its Branch Manager Sh. Tarun Sharma
Vs.
JAGBIR KAUR WIFE OF BAHADUR SINGH
CNR No. HRRH02-000217-2025
Next Date : 09.01.2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
Jagbir Kaur wife of Bahadur Singh R/o H.No. 855/1, Kartarpur, Rohtak
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **09.01.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division),Rohtak
Dated, this day of 03.12.2025

## बिजली कनेक्शन जुड़वाने के नाम पर 20 हजार रिश्वत लेते क्लर्क और लाइनमैन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार दोपहर बाद दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के बावल उपमंडल कार्यालय में कार्यरत एक क्लर्क और लाइनमैन को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोनों को एसीबी के जिला मुख्यालय ले जाया गया, जहां उनके खिलाफ केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस कार्रवाई के बाद बिजली दफ्तर के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मामले के अनुसार, करनावास निवासी राजेंद्र का बिल 47 हजार रुपये आया था। बिल ज्यादा आने के कारण वह समय पर भुगतान नहीं कर सका, जिस कारण निगम कर्मचारियों ने उसका कनेक्शन काट दिया। कर्मचारी मीटर उखाड़ ले गए। बाद में राजेंद्र ने बिल का भुगतान तो कर दिया, लेकिन कनेक्शन जुड़वाने के लिए वह निगम कार्यालय के चक्कर लगाता रहा। आरोप है कि निगम के क्लर्क संजय और लाइनमैन मुकेश ने कनेक्शन जोड़ने की एवज में उससे 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। उसने एसीबी की टीम को इसकी शिकायत दर्ज कराई। एसीबी की टीम ने 20 हजार रुपये के पाउडर लगे नोट देकर उसे निगम कार्यालय भेज दिया। टीम ने काडा के एक्सईएन विकास सहरावत को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में साथ लेकर दबिश दी। जैसे ही दोनों कर्मचारियों ने रिश्वत की रकम पकड़ी, एसीबी की टीम ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया।

## अग्नि सुरक्षा उपकरणों की खरीद में देरी पर लिया संज्ञान

- मानवाधिकार आयोग में 10 फरवरी को देनी होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं में पाई गंभीर कमियों का स्वतः संज्ञान लेते हुए "हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म" एवं "टर्न टेबल लैडर्स" जैसे अति आवश्यक उपकरणों की खरीद में पिछले पांच वर्षों से हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि विशेषकर ऊंची इमारतों एवं घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में इस प्रकार की दीर्घकालीन निष्क्रियता आम नागरिकों के जीवन एवं सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष खतरा है।

सुओ मोटो केस संख्या 1000/3/2022 में पारित अपने आदेश में आयोग ने अवलोकन किया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 10 फरवरी 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस आयोग के समक्ष अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि प्रभावी एवं सार्थक संवाद सुनिश्चित किया जा सके।

**नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ई. एस. आई. अस्पताल (हांसी रोड, नजदीक Baya Tourist Complex) भिवानी में दिनांक 22.12.2025 सोमवार को प्रातः 10 बजे कण्डम सामान की खुली बोली आयोजित की जाएगी व उसी दिन दोपहर 2 बजे 3 वृक्षों की नीलामी भी की जाएगी। कोई भी इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकता है।
आदेशानुसार
चिकित्सा अधीक्षक,
ई. एस. आई. अस्पताल, भिवानी

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## गुरुग्राम बनेगा औद्योगिक व पर्यावरणीय संतुलन का मॉडल शहर : राव

- वायु प्रदूषण में कमी लाने के प्रयासों पर हुई उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिए किए जा रहे उपायों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में खेत में पराली प्रबंधन से लेकर स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, शहरों में धूल नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और औद्योगिक अनुपालन तक विभिन्न पहलों की समीक्षा की गई। इस दौरान गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, करनाल, पानीपत, रोहतक और मानेसर सहित एनसीआर के नगर निगमों के लिए शहर-विशिष्ट रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वहीं, उद्योग मंत्री ने राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गुरुग्राम औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी आदर्श उदाहरण बने। इसके लिए "हरित गुरुग्राम अभियान" के तहत बड़ी औद्योगिक इकाइयों से सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग लिया जाएगा। वन विभाग द्वारा गुरुग्राम और सोहना की सभी नर्सरियों को आदर्श हाइटेक नर्सरी के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है।

इन नर्सरियों में ऐसे पौधे तैयार किए जाएंगे, जिन्हें एक-दो वर्ष बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में रोपा जा सके। इसके लिए दक्षिण भारत की आधुनिक नर्सरियों का अध्ययन कर हरियाणा में भी वैसी ही आधुनिक नर्सरियों को विकसित किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**
क्र./ परि.शा./न.नि./2025/3229/355 भिलाई दिनांक 12/12/2025
// रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) //
नगर पालिक निगम भिलाई नव निर्मित गारमेंट फैक्ट्री हेतु मशीनरी एवं अन्य सामग्री स्थापित करने एवं संचालन पी.पी.पी. मोड पर EOI दिनांक 05.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त EOI दिनांक 08.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित एजेंसी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।
कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में परियोजना शाखा एवं मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं www.uad.cg.gov.in संचालनालय की वेबसाईट से भी देखी जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता

## शब्द पहेली - 6080



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6079 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |



